आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 16.09.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- गृह सचिव गोविन्द मोहन द्वीपसमूह के एक दिवसीय दौरे पर कल द्वीपसमूह पहुंचे।
- विश्व आज़ोन दिवस मनाए जाने के सिलसिले में द्वीपसमूह में कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- प्रादेशिक सेना ने हीरक जयंती के सिलसिले में एक साइकिल अभियान का आयोजन किया जा रहा है।
- चिन्मय मिशन श्री विजय पुरम की ओर से पितृ पक्ष पखवाड़े के तहत कल से चौबीस सितम्बर तक श्रीमद भगवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

गृह सचिव गोविन्द मोहन द्वीपसमूह के एक दिवसीय दौरे पर कल द्वीपसमूह पहुंचे। द्वीपसमूह में पहुंचने के तुरन्त बाद उन्होने प्रशासन के सम्मेलन में सरकार की महत्वकांशी योजनाओं की समीक्षा की। पर्यटन, ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना और तीन नए कानूनों के क्रियान्वयन की भी उन्होंने समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र भी उपस्थित थे। कल दोपहर बाद गृह सचिव ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप का दौरा किया, जहां उन्हें परामर्शदाता द्वारा इस द्वीप के विकास के अलावा चार द्वीप और ग्यारह द्वीप परियोजना के बारे में प्रस्तुति दी गई तथा चर्चा की गई। द्वीपसमूह का दौरा पूरा कर वे आज मुख्य भूमि लौट जाएंगे।

<><><><><><><>

विश्व आज़ोन दिवस मनाए जाने के सिलसिले में द्वीपसमूह में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसका आज समापन होगा। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ओज़ोन दिवस के सिलसिले में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रादेशिक सेना ने हीरक जयंती के सिलसिले में एक साइकिल अभियान का आयोजन किया है। यह अभियान तीस जुलाई को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन बेस कैंप से आरंभ हुई।

इसका समापन ग्रेट–निकोबार द्वीप समूह के इंदिरा पॉइंट पर होगा। इस अभियान में दो अधिकारियों, चार जूनियर कमीशन अधिकारियों सहित छब्बीस जवान शामिल है। अभियान के दौरान, उन्होंने ऊबड़–खाबड़ इलाकों और प्रतिकूल मौसम की स्थिति में साइकिल चलाकर पांच हजार पांच सौ किलोमीटर की दूरी तय की है। इन बहादुर सैनिकों की भागीदारी उनकी शारीरिक फिटनेस और मानसिक मजबूती का प्रमाण है, जो राष्ट्रीय गौरव, एकीकरण और सुरक्षा की सेवा में किसी भी चुनौती को सहन करने में सक्षम हैं। इस अभियान का स्वागत अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालकृष्णन ने किया और द्वीप समूह के चरण के लिए रवाना किया। टीम ब्रिचगंज, कार्बाइंस–कोव, मरीना पार्क, फ्लैग प्वाइंट, सेल्युलर जेल, अबर्डीन बाजार, वीआईपी रोड, स्कूल लाइन, भातू बस्ती मार्ग से होते हुए ब्रिचगंज सैन्य स्टेशन पर पहुंची। एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि यह ऐतिहासिक अभियान सभी को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। अभियान कार निकोबार और कमोर्टा तक जारी रहेगा, अंत में ग्रेट निकोबार द्वीप समूह में इंदिरा पॉइंट पर समाप्त होगा।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन सब–जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और जूनियर अंतर राज्य चैलेन्जर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन करेगा। चयन ट्रायल कल सुबह छह बजे सीपीघाट स्थित जलक्रीडा परिसर में आयोजित होगी। इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीकरण आज अण्डमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन में दिए गए फोन नम्बरों के माध्यम से करवा सकते हैं।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन श्री विजय पुरम की ओर से पितृ पक्ष पखवाड़े के तहत कल से चौबीस सितम्बर तक श्रीमद भगवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भगवत कथा का पाठ प्रतिदिन शाम चार बजे से रात्रि आठ बजे तक होगा। कथा के पहले दिन गांधी पार्क से मिशन तक कलश यात्रा निकाली जाएगी।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से हाल ही में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत श्री विजयपुरम के ज़िला न्यायालय भवन,

प्रयास केन्द्र और मायाबंदर तथा डिगलीपुर के उप–मण्डलीय न्यायालय परिसर में आयोजित हुआ। श्री विजयपुरम के विभिन्न न्यायालयों में लम्बित आपराधिक मामलों, मुकदमें पूर्व बी एस एन एल वसूली मामलों, बैंक वसूली मामलों जैसे मामलों का निपटारा किया गया। श्री विजयपुरम में लम्बित कुल एक हजार पांच सौ साठ मुकदमें पूर्व मामले में से छह सौ बयासी बी एस एन एल वसूली मामलों और पांच सौ तिरासी मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजा गया, जिनमें से सतहत्तर बैंक वसूली मामलों का निपटारा किया गया। विभिन्न न्यायालयों में लम्बित एक सौ नौ मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से पचपन आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया तथा एक लाख तिरसठ हजार पांच सौ पचास रूपए जुर्माना वसूला गया। ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण ने श्री विजयपुरम में चार, मायाबंदर तथा डिगलीपुर में एक–एक पीठ गथित की है।

<><><><><><><>

मुक्त धारा के युवाओं ने श्री विजयपुरम में ऊर्जा से भरी स्वच्छता ड्राइव के साथ परिवर्तन की शुरुआत की एक जीवंत सामुदायिक भावना के प्रदर्शन में, सांस्कृतिक संगठन मुक्त धारा ने चौदह सितंबर को श्री विजयपुरम के साइंस सेंटर के सामने 'स्वच्छ अंडमान, स्वच्छ भारत' नामक स्वच्छता ड्राइव और रैली का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक सचिव प्रियंका तालुकदार की अगुवाई में, तेईस युवाओं और बच्चों ने इस अभियान में भाग लिया। युवाओं ने क्षेत्र से प्लास्टिक और अन्य कचरा हटाकर अपनी लगन को दर्शाया, जिससे उन्होंने साफ–सुथरे पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की। उन्होंने संदेश दियाः "यह धरती देख रही है, तुम समाधान हो या समस्या।" इस दौरान एक रैली भी आयोजित की गई जिसमें रंगीन प्लेकार्ड थे, जिन पर विचारणीय नारों को दर्शाए गए।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए मुख्यभूमि के संस्थानों में बी एच एम एस और बी ए एम एस की सीटें आरक्षित की गई है। इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर चुके विद्यार्थियों का परामर्श बीस सितम्बर को होगा। परामर्श टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में सुबह दस बजे आरंभ होगा। सभी इच्छुक उम्मीदवार से कहा गया है कि वे प्रमाण पत्रो की मूल प्रतियों तथा पांच पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निर्धारित तिथि पर परामर्श के लिए उपस्थित रहें।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम बन्दरगाह पर दूरस्थ चेतावनी संकेत नम्बर–एक लगा दी गई है। अधिक जानकारी के लिए राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र की हेल्पलाइन नम्बर–एक शून्य सात शून्य और ज़िला आपातकालीन परिचालन केन्द्र की हेल्पलाइन नम्बर–एक शून्य सात–सात पर संपर्क किया जा सकता है। समुद्र में किसी भी आपात स्थिति या सहायता के लिए तटरक्षक के एस ए आर एजेन्सी के टोल–फ्री नम्बर – एक पांच–पांच चार  पर भी कॉल किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के गृह सचिव के द्वीपसमूह का दौरा करने के समाचार को अधिकांश समाचार पत्रों ने आज अपनी पहली सुर्खी बनाई है। द्वीप समाचार और द डेली टेलीग्राम्स ने ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजनाओं, पर्यटन और नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन के प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करने के समाचार को पहले पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। डिगलीपुर पुलिस द्वारा दो घण्टे में चोरी का मामला सुलझाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने प्रकाशित किया है। अखबार ने राजस्व अधिकारियों द्वारा मायाबंदर में स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों और कॉलेज के सौ गज के दायरे में दुकानों का निरीक्षण किया– इंफो इंडिया की खबर है।

<><><><><><><>